卐 श्री सद्‌गुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 158 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦16 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हादसे में नैनीताल और हल्द्वानी के चार दोस्तों की मौत, एक गंभीर

### दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी तेज रफ्तार कार



मुरादाबाद/हल्द्वानी। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में सोमवार को एक हृदय विदारक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मनकरा मोड़ के पास एक अनियंत्रित कार आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। इस भीषण भिड़ंत में नैनीताल और हल्द्वानी निवासी चार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार, हल्द्वानी और नैनीताल क्षेत्र के रहने वाले पांच मित्र कार संख्या यूपी 14एफपी 7143 से दिल्ली की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक, सोमवार सुबह जब कार मूंढापांडे क्षेत्र में मनकरा मोड़ के पास पहुंची, तो संभवतः कार चालक को नींद (शेष पृष्ठ सात पर)

## अंधड़ से तबाही, किशोर की मौत, मां गंभीर

### वन विभाग की लापरवाही और फायर ब्रिगेड कर्मियों की अभद्रता पर ग्रामीणों का हंगामा

रामनगर (उद संवाददाता)। रविवार देर रात आए भीषण आंधी- तूफान ने रामनगर और आसपास के क्षेत्रों में जमकर तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा के बीच ग्राम रिंगौड़ा में एक हृदयविदारक घटना घटी, जहां विशालकाय पेड़ की चपेट में आने से 11 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही और फायर ब्रिगेड कर्मचारियों पर अभद्रता का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात आए तूफान के दौरान ग्राम रिंगौड़ा निवासी प्रकाश उपाध्याय के घर पर एक विशालकाय हल्दू का पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया। पेड़ की चपेट में आने (शेष पृष्ठ 7 पर)





## योग और आध्यात्म की राजधानी के रूप में उभर रहा उत्तराखंड: धामी

### टिहरी में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का मुख्यमंत्री धामी ने किया शुभारंभ



ऋषिकेश/टिहरी। देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरा पर अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 का ऐतिहासिक और भव्य शुभारंभ हो गया है। ऋषिकेश के गंगा तट और टिहरी की शांत वादियों में आयोजित इस गौरवशाली महोत्सव का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देवभूमि को योग, स्वास्थ्य और आध्यात्म की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने का अपना संकल्प दोहराते हुए दुनिया भर से आए योग साधकों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना करते हुए कहा कि आज योग किसी विशेष क्षेत्र की जागीर न रहकर पूरी दुनिया की जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश की नई योग नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार के इन प्रयासों से उत्तराखंड को विश्व पटल पर एक नई और सुदृढ़ पहचान मिली है। सीएम ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा के मिलन का विज्ञान है, जो मानवता को शांति और एकता का संदेश देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तराखंड के कण-कण में योग और आध्यात्म का वास है, और यहाँ की जलवायु योग साधना के लिए विश्व में सबसे उपयुक्त है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य केवल (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

एक जीएसटी अनुभवी एकाउन्टेंट की।
-सम्पर्क करें-
मोबाईल नम्बर
9548200711
8218640588

## अटरिया माता मंदिर में चोरी के मामले का फरार आरोपी दबोचा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में पंतनगर पुलिस ने प्रसिद्ध अटरिया माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का पूर्ण खुलासा करते हुए फरार चल रहे दूसरे मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नकदी के साथ ही एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इस मामले में एक आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि 26 फरवरी 2026 को पंकज गौड़ निवासी रम्पुरा रुद्रपुर ने कोतवाली पंतनगर में सूचना दी थी कि अटरिया माता मंदिर में दो अज्ञात चोरों ने मंदिर के 6 दान पात्रों को तोड़कर उनमें रखी भारी धनराशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। वरिष्ठ पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आने से टेंपो स्टैंड के मुंशी की दर्दनाक मौत



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से टेंपो स्टैंड के एक मुंशी की मौत हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, भूरारानी खुशी इनक्लेव वार्ड 31 निवासी 26 वर्षीय करन खेड़ा पुत्र ललित खेड़ा रुद्रपुर टेंपो स्टैंड में मुंशी के रूप में कार्यरत था।बताया जा रहा है कि रविवार रात वह किसी कार्यवश कहीं गया हुआ था। रात्रि करीब 12 बजे के आसपास रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के निकट वह अचानक किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना भारत सेवा टीम के सदस्यों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे टीम के सदस्यों ने करन (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोल मढ़इया के पास एक नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात स्थानीय लोगों ने गोल मढ़इया के पास नाले में एक लगभग 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना तत्काल ट्रांजिट कैंप कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाल मोहन पांडे और एसएसआई महेश कांडपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को नाले से बाहर निकाला।पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, (शेष पृष्ठ सात पर)



**दसवां/ब्रह्मभोज**

बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी परम पूज्य माताजी **श्रीमती अन्नपूर्णा अधिकारी जी** का स्वर्गवास दिनांक 03 मार्च 2026 को हो गया है, जिनकी आत्मा की शांति के लिए **18 मार्च 2026 दिन बुधवार** को निज निवास पर रामायण पाठ दोपहर 12 बजे से एवं **ब्रम्ह भोज दोपहर 2 बजे से गोविन्द मन्दिर आई ब्लॉक ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर** में सम्पन्न होगा।

**शोकाकुल परिवार**

बबलू अधिकारी-माया अधिकारी( पुत्र-पुत्रवधू)
दिलीप अधिकारी-सविता अधिकारी ( पुत्र-पुत्रवधू)
प्रदेश अध्यक्ष बंगाली कल्याण समिति, उत्तराखण्ड
उत्तम अधिकारी-मनिषा अधिकारी ( पुत्र-पुत्रवधू)
अजय अधिकारी , विजय अधिकारी, शुभम अधिकारी, ध्रुव अधिकारी ( पौत्र)
निवास-सी-28, वार्ड नं. 4, ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर, मो.9927392404

## मेयर विकास शर्मा ने मुस्लिम समाज को दिखाया 'दर्पण'

### मुस्लिम बाहुल्य वार्डों से वोट न मिलने पर मेयर विकास शर्मा का छलका दर्द,बोले-बिना भेदभाव भाजपा करती है विकास कार्य



रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के भीतर लंबे समय से महसूस की जा रही एक राजनीतिक पीड़ा आखिरकार रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा के शब्दों में खुलकर सामने आ ही गई। उन्होंने साफ कहा कि जब विकास कार्यों, जनसमस्याओं के समाधान और बिना किसी भेदभाव के किए गए प्रयासों के बावजूद चुनाव में समर्थन न मिले, तो पीड़ा होना स्वाभाविक है। खासतौर पर तब, जब हर क्षेत्र में विकास कार्य कराए गए हों, लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया हो और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समान रूप से पहुंचाया गया हो। ऐसे में भरोसे की घड़ी आने पर यदि अपेक्षित समर्थन न मिले, तो स्वाभाविक तौर पर मन में कसक और सवाल दोनों पैदा होना लाजमी है। रुद्रपुर में मेयर विकास शर्मा का यह बयान इन दिनों समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है। मुस्लिम समाज को लेकर दिए गए उनके बयान को कई लोग 'दर्पण दिखाने' वाली टिप्पणी के रूप में देख रहे हैं। विकास कार्यों और बिना भेदभाव के किए गए प्रयासों का हवाला देते हुए मेयर ने कहा कि जब विकास के आधार पर भी समर्थन नहीं मिलता, तो यह किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए पीड़ादायक स्थिति होती है। दरअसल, मेयर विकास शर्मा का यह बयान वर्ग विशेष यानी मुस्लिम समाज को लेकर आया है। यदि इसके राजनीतिक मायने निकाले जाएं, तो यह भाजपा की उस पुरानी पीड़ा को सामने लाता है, जो अक्सर चुनाव परिणामों के बाद सुनने को मिलती रही है, चाहे वह लोकसभा चुनाव हो, विधानसभा चुनाव या फिर निकाय चुनाव।देश, प्रदेश और स्थानीय सरकारों द्वारा जनता के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। चाहे मुफ्त राशन की योजना हो, अस्पतालों में मुफ्त इलाज की व्यवस्था, पेंशन हो या छात्रवृत्ति जैसी अनेक योजनाएं इनका लाभ सभी वर्गों को समान रूप से दिया जाता है। निकाय सरकार हो या प्रदेश की भाजपा सरकार, विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के कराए जाते हैं। लेकिन जब मतदान की बारी आती है, तो वर्ग विशेष यानी मुस्लिम समाज भाजपा से दूरी बनाए रखता है। भाजपा को यह पीड़ा लंबे समय से रही है और अब यही भावना रुद्रपुर नगर निगम के मेयर विकास शर्मा की जुबान पर भी आ गई है। मेयर शर्मा ने कहा कि जब वे भाजपा के प्रदेश मंत्री थे, तब भी उन्होंने हर वर्ग के लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

# बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण में पुनर्वास के लिए 20 मार्च से लगेंगे शिविर

## जिलाधिकारी कार्यालय में विधिक सेवा प्राधिकरण और प्रशासन की बैठक में घर घर फॉर्म वितरण का निर्णय

हल्द्वानी । हल्द्वानी के बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 24 फरवरी 2026 को दिए गए आदेश के क्रम में उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा जिला प्रशासन नैनीताल के साथ हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 6 स्थानों- रेलवे स्टेशन हल्द्वानी, अंजुमन इस्लामिया बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय किदवई नगर,राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनभूलपुरा, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, मदरसा नैनीताल पब्लिक स्कूल बनभूलपुरा में आगामी 20 मार्च से 31 मार्च 2026 तक शिविर लगाए जाने हैं। इन लगाए जाने वाले कैम्पों के आयोजन के संबंध में रविवार को जिलाधिकारी कैंप कार्यालय हल्द्वानी में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल,जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रेलवे के अधिकारियों के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के समयबद्ध अनुपालन पर जोर दिया गया। बैठक में सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार मणि त्रिपाठी ने अवगत कराया कि हमारा प्रयास रहेगा कि इन 6 कैंप वाले स्थानों से अधिक से अधिक परिवारों तक हम पहुंच पाए और यह कोशिश करें कि कोई भी परिवार न छूटे और उन्हें इन पुनर्वास कैंपों के बारे में जागरूक करें। उनके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो आवेदन हैं वह आमंत्रित किए जाएं और भरवाए जाएं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि जिला प्रशासन नैनीताल के अनुसार लगभग 5300 से अधिक परिवार हैं, प्रयास रहेगा कि विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम तथा न्यायिक अधिकारियों टीम के साथ रेलवे और प्रशासन की टीम के साथ उन परिवारों तक पहुंच जाए और उनको इस योजना के बारे में बता पाएं जो पात्र व्यक्ति हैं उन तक इस योजना का लाभ पंहुचा जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रयास रहेगा कि 31 मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण कर माननीय उच्चतम न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकें। बैठक में 20 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले कैंपों की आवश्यक तैयारी के बारे में विचार विमर्श किया गया तथा तैयारी की जानकारी से अवगत कराया गया। सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि प्रत्येक कैंप में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु आरपीएफ भी मौजूद रहेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मंगलवार से क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित फॉर्म का वितरण विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला प्रशासन की टीम के माध्यम से घर घर जाकर वितरित किए जाएंगे। साथ ही कैंपों में भी पर्याप्त संख्या में यह आवेदन रखे जाएंगे। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि इस कार्य में स्थानीय पार्षदों के अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जाय, आवेदकों को फार्मों का वितरण सुनिश्चित करते हुए, उनकी पात्रता की गहनता से जांच का कार्य भी समय पर पूर्ण किया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि सभी टीम फार्म वितरण से संबंधित सूचना पंजिका में अंकित करेंगे और मॉनिटरिंग भी लगातार की जाएगी। जिला अधिकारी ने कहा कि फार्म वितरण से पूर्व संबंधित टीम को सोमवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित अवधि में, सौपी गयी जिम्मेदारियों को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।बैठक से पूर्व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम द्वारा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इन सभी 6 कैम्प स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी,उप सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल, पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेयी, आयुक्त नगर निगम परितोष वर्मा उपजिलाधिकारी हल्द्वानी प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे सहित वीसी के माध्यम से रेलवे के एडीआरएम मनोज कुमार, सुरक्षा प्रभारी पवन, बृजेश कुमार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# लोक भवन में पारंपरिक रूप से मनाया गया लोकपर्व फूलदेई

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को लोक भवन में उत्तराखण्ड के पारंपरिक लोकपर्व फूलदेई को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक परिधान पहने बच्चों ने लोक भवन की देहरी पर फूल और चावल अर्पित किए तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बच्चों ने "फूल देई-छम्मा देई" जैसे पारंपरिक लोकगीत गाकर पर्व के महत्व को उजागर किया। इस अवसर राज्यपाल ने बच्चों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि फूलदेई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम और सद्भाव का संदेश देने वाली हमारी समृद्ध लोक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पर्व के माध्यम से बच्चे घर-घर जाकर फूल अर्पित करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना करते हैं और समाज में खुशियाँ बाँटने का संदेश देते हैं। राज्यपाल ने बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में इस पर्व को मनाने की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी से हमें यह सीख मिलती है कि अपनी संस्कृति, परंपराओं और जड़ों से किस प्रकार जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बच्चे गर्व के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को अपनाते हैं, तो यह हमारी धरोहर के संरक्षण का सशक्त संदेश देता है। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के चेहरे की मुस्कान और उनका उत्साह यह दर्शाता है कि खुशियों का वास्तविक आनंद तभी है जब उन्हें सबके साथ साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों में ईश्वर का स्वरूप दिखाई देता है और उनके माध्यम से समाज में सकारात्मकता और प्रेम का संदेश प्रसारित होता है। उन्होंने पर्वतीय संस्कृति संरक्षण समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था उत्तराखण्ड की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के संरक्षण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी देवभूमि उत्तराखण्ड की परंपराएं और पूर्वजों की विरासत हमें प्रकृति से प्रेम आपसी सद्भाव और समाज में खुशियाँ बाँटने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, पर्वतीय संस्कृति संरक्षण समिति के सचिव चंद्रशेखर जोशी एवं राकेश पंवार, श्रीमती मोनिका रावत, प्रियंका प्रधान, पूनम पंवार एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# हाईकोर्ट का बड़ा एक्शन, विकासनगर थाने के पूरे स्टाफ के तबादले के आदेश

नैनीताल। उत्तराखंड में अवैध खनन को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने खनन माफिया से जुड़े एक विवादित एफआईआर मामले में राज्य सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने न सिर्फ एफआईआर दर्ज करने वाले पुलिस अधिकारी के निलंबन के निर्देश दिए हैं, बल्कि विकासनगर थाने के पूरे स्टाफ के तबादले का भी आदेश दे दिए।मामला देहरादून के विकासनगर का है। 27 फरवरी को कालसी वन प्रभाग के एसडीओ राजीव नयन नौटियाल ने यमुना नदी से आते हुए अवैध खनन साम्रगी से भरे एक डंपर को रोका। नौटियाल ने जब इस खनन के दस्तावेज मांगे तो डंपर चालक और मौके पर पहुंचे उसके साथियों ने एसडीओ और उनके साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि वीडियो बनाने पर एसडीओ का मोबाइल भी तोड़ दिया गया। एसडीओ ने विकासनगर कोतवाली में इस पूरे मामले में एफआईआर दर्ज कराई। हैरानी की बात ये है कि पुलिस ने जिस एफआईआर के आधार पर खनन माफिया की तलाश करनी थी वही खनन माफिया देर रात पुलिस थाने पहुंच गए और एसडीओ पर गाली गलौज और जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। यही नहीं, पुलिस ने मनीष चौहान के नाम से मिली शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज भी कर दिया। एसडीओ राजीव नयन नौटियाल ने इसके बाद हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट में जज राकेश थपलियाल की पीठ ने इस पूरे मामले में क्रास एफआईआर लेने के खेल को पकड़ लिया। नाराज कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने वाले अधिकारी को निलंबित करने और विकासनगर कोतवाली के पूरे स्टाफ का तबादला करने के निर्देश दे दिए। कोर्ट ने इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग डीजीपी को सौंपी है।

# बंगापानी में इनोवा खाई में गिरी, पिथौरागढ़ जिले के तीन युवकों की मौत, एक गंभीर

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में बंगापानी-मदकोट मार्ग पर एन बैंड के पास दर्दनाक हादसा हो गया। एक कार खाई में गिरने से तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों में एक सेना का जवान बताया जा रहा है। वहीं, एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रविवार को मदकोट के रास्ते इनोवा कार से मुनस्यारी जा रहे युवाओं की कार बंगापानी से एक किलोमीटर पहले एन बैंड के पास अनियिंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना पर क्षेत्र के लोग और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे, जहां दो युवक लक्ष्मण सिंह नेगी पुत्र राम सिंह नेगी मूल निवासी धूरातोली मुनस्यारी और हाल निवासी जीआईसी पिथौरागढ़ तथा अंकित पांडे(27) पुत्र बसंत पांडे निवासी दौला, पिथौरागढ़ मृत मिले।वहीं, गंभीर रूप से घायल आयुष पंत पुत्र नरेंद्र पंत और देवेश पंत दोनों निवासी पिथौरागढ़ को पहले निजी वाहनों फिर 108 एंबुलेंस से पिथौरागढ़ जिला अस्पताल के लिए रेफर किया, लेकिन रास्ते में अस्कोट के पास आयुष पंत ने दम तोड़ दिया। मृतकों में से लक्ष्मण सिंह नेगी सेना की एएमसी में कार्यरत था। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।



# छात्रों ने देहरियों पर फूल बरसाकर मनाया पारंपरिक फूलदेई पर्व

देहरादून(उद संवाददाता)।सनातन धर्म इंटर कॉलेज (बन्नू), रेसकोर्स देहरादून में आज 15 मार्च को चैत्र संक्रांति के पावन अवसर पर उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोकपर्व फूलदेई को बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राइमरी अनुभाग के विद्यार्थियों ने विद्यालय के समीप स्थित बन्नू कॉलोनी के 200 से अधिक परिवारों की देहरियों पर फूल बिखेरकर सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। विद्यालय द्वारा विगत कई वर्षों से इस लोकपर्व को अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाता रहा है। इस आयोजन को हर वर्ष बड़े स्तर पर आयोजित करने का मुख्य कारण विद्यालय के निकट स्थित बन्नू कॉलोनी के निवासियों का इस पर्व के प्रति विशेष प्रेम तथा फुलारियों के प्रति उनका स्नेह और सम्मान है।बन्नू कॉलोनी के निवासियों द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ गोगा माता की डोली और फुलारियों का किया जाने वाला सम्मान इस बात का प्रमाण है कि विकास की राह में अपने मूल स्थानों से दूर आने के बावजूद लोगों के मन आज भी पहाड़ी संस्कृति, परंपराओं और आस्था से गहराई से जुड़े हुए हैं।इस अवसर पर प्राइमरी अनुभाग के विद्यार्थियों एवं कॉलोनी के बच्चों द्वारा कॉलोनी के मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कॉलोनी समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को जलपान भी कराया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोनिया, अदिति, प्रिंस और आरव द्वारा प्रस्तुत नृत्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समिति द्वारा इन चारों प्रतिभाशाली बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के कार्यक्रमों की सफलता में समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में कल्पना सेमवाल मैडम के मार्गदर्शन में सुनीता गुसाईं मैडम, रुक्मणि कटारिया मैडम, कोमल दिवाकर मैडम, प्रिया मैडम, आभा चमोली मैडम और दिव्या ममगाईं मैडम ने सराहनीय योगदान दिया।फूलदेई पर्व के इस पावन अवसर पर उपरोक्त शिक्षकों के अतिरिक्त रविंद्र भट्ट सर, राजेंद्र प्रसाद सर, रीना राणा मैडम, नारायण सर, निर्मला नेगी मैडम, मटेला सर, अंजलि नौटियाल मैडम तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्री नीरज पंवार और मीना थापा भी उपस्थित रहे।रविवार के अवकाश के बावजूद विद्यालय में उपस्थित होकर लोकपर्व फूलदेई कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी साथियों के प्रति विद्यालय प्रशासन ने हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बन्नू कॉलोनी समिति की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम बर्तवाल, उपाध्यक्ष मुन्नी पाठक, सचिव तरूणी तिवारी, कोषाध्यक्ष बिजना देवी, संगठन मंत्री श्रीमती शिल्पा नेगी, पूर्व अध्यक्ष कामिनी मोहन नौटियाल, श्री प्रदीप ध्यानी, श्री मनमोहन सिंह बटकोरा सहित कॉलोनी के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी को लोकपर्व फूलदेई की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।



# पॉम ग्रीन में नव स्थापित वेद मंदिर का भव्य लोकार्पण

## मंदिर के लोकार्पण अवसर पर महापौर ने की मंदिर के गुंबद और सड़क निर्माण की घोषणा

रुद्रपुर । काशीपुर रोड स्थित पॉम ग्रीन में नव स्थापित वेद मंदिर का भव्य हवन यज्ञ के साथ विधि विधान से लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महापौर विकास शर्मा सहित कई विद्वान संतों और गणमान्य नागरिकों ने हवन यज्ञ में पूर्णाहूति दी। सभी उपस्थित अतिथियों ने वेद मंदिर की स्थापना पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान महापौर विकास शर्मा ने मंदिर के विकास हेतु बड़ी घोषणाएं करते हुए मंदिर गुंबद निर्माण और एक सड़क का निर्माण जल्द ही नगर निगम की ओर से कराने का आश्वासन दिया।श्री वेद मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने श्री वेद मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर युवा पीढ़ी को सनातन धर्म से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आर्य समाज के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि आज आर्य समाज देश में प्राचीन भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम बखूबी कर रहा है। महर्षि दयानंद के संदेश और उनकी शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाने में आर्य समाज की भूमिका सदैव अहम रही है। रुद्रपुर में पुरोहित पंडित प्रभात कुमार आर्य के नेतृत्व में लंबे समय से आर्य समाज वेदों का ज्ञान और प्राचीन परंपरा का निर्वहन करता आ रहा है जो सराहनीय है।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को अपनी मूल संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है। इस वेद मंदिर की स्थापना से सनातन का प्रचार प्रसार होगा और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब हम मंदिर, मठ और पूजा घरों से जुड़े रहते हैं तो हम अपनी जड़ों और परंपराओं के करीब रहते हैं जिससे हम अपनी संस्कृति को बेहतर ढंग से सीख पाते हैं। सनातन धर्म की महानता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन से बड़ा कोई धर्म नहीं है क्योंकि यही एकमात्र ऐसा धर्म है जो सर्वे भवंतु सुखिनः की बात करते हुए सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है।इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महापौर सहित अन्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पंडित शिवदत्त पाण्डे, पंडित प्रदीप शास्त्री, गीता पाण्डे शास्त्री, आचार्य विश्वमित्र शास्त्री, वरूण दर्शनाचार्य पंडित प्रभात कुमार आर्य, पुरोहित पंडित विराट कुमार आर्य, मोहन तिवारी, विजय तोमर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।








## ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर। एक्सीडेंट की चपेट में आकर फैक्ट्री श्रमिक की हुई मौत मामले में आईटीआई पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्रतारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम करनपुर थाना अजीमनगर जनपद रामपुर उप्र- निवासी सूरज पुत्र जमुना प्रसाद ने बताया कि उसका भाई रामपाल महुआखेड़ागंज में किराये का कमरा लेकर नैनीफिल नामक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बीते 15 मार्च को नाईट ड्यूटी के बाद सुबह 6-15 के लगभग उसका भाई रामपाल, नंदकिशोर वीरपुर रोड से होते हुए कमरे की और लौट रहे थे, इसी दौरान मार्ग में रजा फिलिंग स्टेशन (भारत पेट्रोलियम) के समीप ट्रक संख्या एचआर 55एडब्लू 2854 के चालक नाम पता अज्ञात ने विपरीत दिशा से आकर मोटरसाईकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना की चपेट में आकर रामपाल व नंदकिशोर गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को नाजुक हालत में उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाए जाने पर चिकित्सकों ने रामपाल को मृत घोषित कर दिया। नंदकिशोर की हालत मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल चिंताजनक बताई जा रही है। यहां बतादें कि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयाश शुरू कर दिये हैं।

# शिवपुर में सार्वजनिक मां काली पूजा की धूम

## राधे-राधे यंग क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भव्य झांकियों ने मोहा मन

रुद्रपुर। ग्राम शिवपुर स्थित काली मंदिर प्रांगण में राधे-राधे यंग क्लब की ओर से श्री श्री सार्वजनिक मां काली पूजा का भव्य आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान जहां एक ओर विधिवत पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ संपन्न हुआ, वहीं दूसरी ओर देर शाम आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनमोहक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मां काली के



चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन न केवल समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं, बल्कि हमारी समृद्ध परंपराओं को भी जीवित रखते हैं। उन्होंने युवाओं के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताते हुए क्लब के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक मंडल ने पूर्व विधायक ठुकराल का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हालदार, क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश मिस्त्री, ग्राम प्रधान शुभ मंगल राय, पूर्व ग्राम प्रधान नरेश तापली और लंबाखेड़ा क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता चौधरी मौजूद रहीं। इसके अतिरिक्त समाजसेवी संजय ठुकराल, अजय नारायण सिंह और राजेश ग्रोवर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राधे-राधे यंग क्लब शिवपुर के विजय शिकारी, मिथुन मालाकार, कृष्णा तापली, राजेश तापली, महेश बाला, प्रेम सरकार, अनिकेत ढाली, देव ढाली, राजेश विश्वास, प्रकाश दास, रवि गाइन सहित क्लब के तमाम पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विधायक भुवन कापड़ी का जोरदार स्वागत

## जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाने पर कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

खटीमा। विधानसभा के बजट सत्र में खटीमा सहित प्रदेश के जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को सदन में प्रबलता से उठाने पर भुवन कापड़ी का खटीमा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार को खटीमा चौक के पास कार्यकर्ताओं ने विधायक कापड़ी का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक ने बजट सत्र के दौरान किसानों, युवाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का कार्य किया है, जिससे क्षेत्र की जनता की आवाज सदन तक पहुंची है। वहीं विधायक भुवन कापड़ी ने स्वागत के लिए



सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का यह प्रेम और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वह आगे भी क्षेत्र की जनता के हक और अधिकारों की आवाज सदन के अंदर और बाहर मजबूती से उठाते रहेंगे तथा जनहित और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर उमेश राठौर, रेखा सोनकर, जसविंदर बाजवा, नरेंद्र आर्या, कृष्णा नेगी, लक्ष्मी देवी, शांति रावत, वीना राणा, विनोद चंद, मान सिंह, अरविंद कुमार, देवेंद्र क्याल, ताहिर, अराफात, गुलफाम रजा, फहीम अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मदद के बहाने कार सवारों से की मारपीट

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाड़ी खराब होने का बहाना बनाकर अज्ञात बदमाशों ने कार सवार लोगों को मदद के लिए रोका और उनके साथ गाली गलौज मारपीट करते हुए उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। ग्राम क्यारी रामनगर निवासी अभिनव बिष्ट पुत्र मदन बिष्ट ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने मित्र अजय बिष्ट पुत्र मदन बिष्ट, हिमांशु तिवारी पुत्र महेश चन्द्र तिवारी, शिवम चौधरी पुत्र दीपक चौधरी के साथ काशीपुर के ग्राम पच्चावाला में एक शादी समारोह में शामिल होकर कार से वापस घर जा रहे थे कि रात्रि करीब 10.30 बजे समारोह के 200 मीटर आगे गाड़ी खड़ी थी तथा दो युवक गाड़ी मे से उतरे और कहने लगे कि हमारी गाड़ी खराब हो गयी है। गाड़ी मे धक्का लगाकर स्टार्ट करवा दो। जैसे ही हम लोग उतरे तभी पास के खेत मे छुपे 5-6 युवक हाथ मे लाठी डण्डे लिये आये और हम पर हमला कर दिया। जिसमें सभी को चोटे आई। कहा कि जब उसने अपने मोबाइल से विडियो बनाने का प्रयास किया तो आरेपियों ने छीन लिया। साथ ही हिमांशु तिवारी का मोबाइल भी छीनकर रोड़ मे पटक दिया जिस कारण हिमांशु का मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान आरोपियों ने कार में भी तोड़फोड़ की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# भिटौली पर्व पर महिलाओं को किया सम्मानित

## वैवाहिक महिलाओं को अंगवस्त्र और मेहंदी भेंट कर संस्था ने दी लोक पर्व की शुभकामनाएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में उत्तराखंड के पारंपरिक लोक पर्व भिटौली के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के माध्यम से वैवाहिक महिलाओं को अंगवस्त्र और मेहंदी भेंट की गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को भिटौली और फूलदेई पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए संस्था के सदस्यों ने लोक संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर संस्था की मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार ने कहा कि चौत्र माह में मनाया जाने वाला भिटौली पर्व उत्तराखंड की सांस्कृतिक और पारिवारिक पहचान का प्रतीक है। यह पर्व भाई-बहन के अगाध प्रेम और मायके से बेटी के भावनात्मक जुड़ाव को प्रदर्शित करता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में जब विवाहित बेटियां लंबे समय तक मायके नहीं जा पाती थीं, तब यह परंपरा उनसे मिलने और उनका कुशलक्षेम जानने के लिए शुरू की गई थी। ससुराल में रह रही बेटियों के लिए यह पर्व मायके की याद और अपार स्नेह पाने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है।पूर्णिमा रजवार ने जोर देते हुए कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति आस्था रखते हुए चौत्र माह के सभी महिला आयोजनों में भिटौली पर्व को शामिल करना चाहिए। इससे न केवल लोगों में जागरूकता आएगी, बल्कि लुप्त हो रही परंपराओं को भी संजीवनी मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ससुराल और मायके के रिश्तों में और अधिक मजबूती आती है। इस दौरान भिटौली पर्व के आयोजन में लता पंत, मीना मिश्रा, नीता रौतेला, ममता रावत, गीता जोशी, दीपा रावत, पुष्पा सुयाल, आशा रावत सहित संस्था की कई अन्य महिलाएं और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मीना ने चूल्हे पर तली पकौड़ी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने एलपीजी के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में चूल्हे पर पकौड़ी तल अपना विरोध जताया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा एलपीजी के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि किए जाने से नाराज होकर विरोध प्रदर्शन किया और चूल्हे पर पकौड़ी तल कर



अपना विरोध प्रकट किया। यहाँ मीना शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही प्रवृत्ति और गुंडागर्दी के बलबूते देश की जनता को परेशान कर रही है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर सरोज रानी, पूनम, भूरी कोली, मंजू सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

# महापौर विकास शर्मा ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

## मैत्री क्रिकेट मैच में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इलेवन ने एसजीएसटी इलेवन को सात विकेट से हराया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हल्द्वानी शाखा सीआईआरसी आईसीएआई के तत्वावधान में जैन ग्लोबल क्रिकेट अकादमी में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इलेवन और एसजीएसटी इलेवन के बीच 20 ओवर का एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समन्वय और खेल भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी यादव तथा केजीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अशोक बंसल ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए हल्द्वानी शाखा द्वारा आयोजित इस मैच की सराहना की। विकास शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पेशेवरों और सरकारी अधिकारियों दोनों के लिए आवश्यक हैं जिससे वे स्वयं को शारीरिक रूप से फिट रखने और तनावमुक्त रहने में मदद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल भावना हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देती है और पेशेवर व्यस्तता के बीच स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अनिवार्य है।मैच की शुरुआत टॉस से हुई जिसमें एसजीएसटी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एसजीएसटी इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके जवाब में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इलेवन की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 14.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाकर 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। मैच में चार्टर्ड एकाउंटेंट आलोक चावला ने 38 गेंदों पर 48 रन की शानदार पारी खेली और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। एसजीएसटी इलेवन की ओर से संतोष उनियाल ने 27 गेंदों पर 40 रन तथा अखिलेश द्विवेदी ने 35 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में चार्टर्ड एकाउंटेंट गुरजस्पाल सिंह ने 4 ओवर में 4 विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं चार्टर्ड एकाउंटेंट अक्षय अग्रवाल ने 3 विकेट तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट अभिनव बंसल ने भी महत्वपूर्ण विकेट लिया।इस अवसर पर हल्द्वानी शाखा सीआईआरसी आईसीएआई के अध्यक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट मोहित देव, उपाध्यक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट बलजीत सिंह कलसी, सचिव चार्टर्ड एकाउंटेंट अंकित प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट चेतन प्रकाश खुराना तथा सिकासा अध्यक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट रोहित नौला, चार्टर्ड एकाउंटेंट विनीत शर्मा, चार्टर्ड एकाउंटेंट विजेंद्र माहेश्वरी, चार्टर्ड एकाउंटेंट पारस सुराना, चार्टर्ड एकाउंटेंट ऋषभ चिलाना, चार्टर्ड एकाउंटेंट यश नारंग तथा डिप्टी कमिश्नर रजनीश यशवस्थी, डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा, डिप्टी कमिश्नर ज्ञान चंद, असिस्टेंट कमिश्नर अनिल चौहान, असिस्टेंट कमिश्नर संतोष उनियाल, एसटीओ मुकेश पाण्डेय, एसटीओ एजाज बेग, एसटीओ नवीन कांडपाल, एसएओ राकेश जखमोला एवं अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।












# श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## कथा व्यास नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी ने गज ग्राह प्रसंग और वामन अवतार का किया वर्णन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वर्ग फार्म वाली देवी के स्थान वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम आदर्श कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी ने भागवत कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भागवत पुराण के अनुसार उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के मन में भक्ति, शांति और सद्भाव की भावना जागृत होती है और जीवन के कष्टों का निवारण होता है।कथा के दौरान नारायण चौतन्य ब्रह्मचारी ने गज ग्राह प्रसंग, वामन अवतार और भगवान राम के जन्म की कथाएं विस्तार से सुनाईं। भगवान के जन्म के प्रसंग पर पूरा कथा स्थल जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ खुशियां मनाईं। पूरे परिसर में भजन कीर्तन और भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने कथा का रसपान किया।इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना, सतनाम, राजेश, राजीव, नरेश, जिगर, गौरव, ताराचंद, सन्नी, लक्ष्य, जगदीश, आशा, रमन, शम्मी, सीमा, कंचन, गगन, सुनीता, प्रीति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।







# जम्बी भल्ला की गाभिन जर्सी गाय रही सर्वोत्तम पशु

पन्तनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन आज पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का प्रदर्शन किया। इस पशु प्रदर्शनी में जम्बी भल्ला की गाभिन जर्सी गाय को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। इस पशु प्रदर्शनी में कुल 37 पशु सम्मिलित हुए। इस प्रदर्शनी में भैंस वर्ग में जैनुल की भैंस, दुधारू भैंस वर्ग में सलीम की भैंस, देसी दुधारू गाय वर्ग में भूपेंद्र भारती की गाय, देशी गाय वर्ग में डीएन कुषवाहा की गाय, गाभिन जर्सी गाय वर्ग में जम्बी भल्ला की गाय, बकरी वर्ग में रिजयाउद्दीन, मुअज्जद अंसारी एवं सन्नी की बकरी एवं घोड़ा वर्ग में अभिशेक शर्मा एवं कार्तिक खेरा का घोड़ा प्रथम स्थान पर रहे। वहीं भैस वर्ग में भुट्टी यादव की भैस, दुधारू गाय वर्ग में भूपेन्द्र भारती की गाय, गाभिन गाय वर्ग में नीरज व गोविन्द की गाय, क्रॉस ब्रीड दुधारू गाय वर्ग में मिथुन व आदित्य की गाय, बकरी वर्ग में रफा, सबनुम एवं यष की बकरी द्वितीय स्थान पर रहे।इस अवसर पर पशु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 2 हजार रुपये नकद दिया गया तथा सर्वोत्तम पशु के लिए जम्बी भल्ला को 5 हजार नकद दिये गये। इस पशु प्रदर्शनी के संयोजक, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा, एएच अहमद एवं निर्णायक मंडल में एससी त्रिपाठी, एसपी मौर्य, एके घोष, एसके सिंह के साथ आरएस बरवाल, आरके षर्मा एवं अमित प्रसाद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को पशुओं की अच्छी नस्ल के बारे में सुझाव दिये। कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य संबंधित किट एवं मिनरल मिक्सचर निशुल्क बांटे गये।



# पंतनगर किसान मेले में बीजों की भारी बिक्री

पन्तनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले के तीसरे दिन भी किसानों द्वारा विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की खरीद जारी रही। किसानों द्वारा मेले में विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान केन्द्र, प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, विश्वविद्यालय फार्म तथा एटिक स्टालों से प्रथम से तृतीय दिवस के दोपहर तक लगभग 19 लाख 30 हजार रुपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की खरीद की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं सगंध पौध अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र तथा मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र के स्टालों से लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही एटिक व प्रकाशन निदेशालय के स्टालों से लगभग 32 हजार रुपये के प्रकाषनों की बिक्री की गई। किसान मेले में विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों पर किसानों द्वारा भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की गयी।






# मेट्रोपोलिस सिटी के भव्य द्वार का महापौर ने किया उद्घाटन

## मेट्रोपोलिस वेलेफेयर सोसायटी ने महापौर का लड्डुओं तोलकर किया सम्मानित

रूद्रपुर। मेट्रोपोलिस सिटी ने आधुनिकता और सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। रविवार को नगर निगम के महापौर विकास शर्मा ने नैनीताल रोड स्थित मेट्रोपोलिस सिटी के नवनिर्मित भव्य मुख्य द्वार और अत्याधुनिक बूम बैरियरों का विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेट्रोपोलिस रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महापौर का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें पगड़ी पहनाई गई और भव्य मालाओं से लादने के बाद लड्डुओं से तोलकर सम्मानित किया गया। सोसाइटी के पदाधिकारियों और निवासियों की मांग पर महापौर विकास शर्मा ने कॉलोनी के विकास के लिए कुछ प्रमुख मार्गों को हॉट मिक्स बनाने और सुरक्षा व रोशनी के पुख्ता इंतजाम के लिए दो मिनी हाई मास्क लाइटें लगाने की मौके पर ही घोषणा की। उन्होंने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा मेट्रोपोलिस सिटी के निवासियों ने अपने निजी प्रयासों और आपसी सहयोग से इस भव्य गेट का निर्माण कर पूरे शहर के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। यह न केवल कॉलोनी की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि यहां लगे बूम बैरियरों से कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था भी अभेद्य हो जाएगी।



सुरक्षा के लिहाज से यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने आगे हमारा लक्ष्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में रुद्रपुर को एक आधुनिक और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करना है। हमने शहर की सूरत बदलने के लिए कई बड़ी परियोजनाओं का खाका तैयार किया है, जो जल्द ही धरातल पर नजर आएंगी। रुद्रपुर आने वाले समय में एक नए कलेवर और गौरवमयी पहचान के साथ उभरेगा। मेट्रोपोलिस जैसी जागरूक सोसायटियों को नगर निगम का हरसंभव सहयोग मिलता रहेगा। सोसाइटी के उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला ने बताया कि मुख्य गेट नंबर 1 लंबे समय से जर्जर था, जिसे अब करीब 45 लाख रुपये की लागत से भव्य स्वरूप दिया गया है। इसमें सुरक्षा के लिए 14 लाख रुपये के अत्याधुनिक बूम बैरियर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रोपोलिस रुद्रपुर की पहली ऐसी सोसाइटी बन गई है जहां तीनों गेटों पर बूम बैरियर लगाए गए हैं। साथ ही सभी 45 टावर्स का सौंदर्यीकरण और पेंट कार्य भी कराया जा रहा है। हमारा लक्ष्य इसे उत्तराखंड की सबसे सुविधासंपन्न और आदर्श सोसाइटी बनाना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर रामपाल सिंह, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. अनुपमा रवि फुटेला, पार्षद बीनू , पार्षद चिराग कालरा, सोसाइटी अध्यक्ष देवेंद्र शाही, उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला, सचिव सुनील शुक्ला, कोषाध्यक्ष डॉ. वीरपाल सिंह, सदस्य विनय दुबे, रवींद्र सिंह, आदित्य गुप्ता, कार्यक्रम संचालक बिहारी लाल चौहान, मोहन तिवारी, निशांत शाही, जनार्दन सिंह, दिलीप सिंह, ब्रिजेश तिवारी, पुष्पेंद्र, डॉ. रवि फुटेला और हिमांशु मिड्ढा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासी रहे।







# आबकारी विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामाचौड़ एवं फतेहपुर क्षेत्र से लगातार प्राप्त हो रही अवैध मदिरा की शिकायतों के संबंध में आबकारी विभाग हल्द्वानी द्वारा रविवार को क्षेत्र में सघन दबिश और चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आबकारी टीम द्वारा संदिग्ध स्थानों एवं व्यक्तियों के ठिकानों पर जांच की गई तथा पूरे क्षेत्र में गहन तलाशी ली गई। जांच के दौरान टीम द्वारा कई स्थानों पर दबिश



दी गई परंतु किसी भी व्यक्ति के कब्जे से अवैध मदिरा बरामद नहीं हुई। इस कारण किसी भी अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया।आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्र में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से निरंतर चेकिंग एवं दबिश अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए टीम पूरी तरह सतर्क है। टीम में आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट सहित कैलाश जोशी उप आबकारी निरीक्षक, महेश लोहनी प्रधान आबकारी सिपाही व अन्य मौजूद रहे।

# सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में फ्रेशर्स पार्टी की धूम

## नव आगंतुक छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बिखेरी प्रतिभा की छटा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में मैनेजमेंट विभाग द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का गया। इसके बाद छात्रों ने गीत नृत्य फैशन वॉक और मनोरंजक खेलों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। इस अवसर पर सीनियर छात्रों ने भी जूनियर्स का उत्साहवर्धन करते हुए ने आत्मविश्वास और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।अंत में सभी प्रतिभागियों और अतिथियों के लिए हल्के जलपान की व्यवस्था की गई। मैनेजमेंट फ्रेशर्स पार्टी ने नए छात्रों को अरोरा, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी प्रकाश पंत, प्रधानाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग विवेक त्रिवेदी, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार तथा संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी







स्वागत करना और उन्हें संस्थान के वातावरण से परिचित कराना था। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिसमें नए छात्रों का संस्थान परिवार में स्वागत किया उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के मिस्टर फ्रेशर देवा और मिस फ्रेशर एन्जलीना, बीबीए से मिस्टर फ्रेशर रितेश मंडल और मिस फ्रेशर सुहानी बिष्ट एवं कंप्यूटर साइंस विभाग से मिस्टर फ्रेशर विकी सिंह और मिस फ्रेशर संजना का चयन भी किया गया जिसमें प्रतिभागियों आपसी परिचय सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत करने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंध निदेशक चार्टर्ड एकाउंटेंट शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका सीमा अरोरा, को चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर, शौर्य अनुभव बाठला उपस्थित रहे। साथ ही बीसीए विभाग की विभागा अध्यक्ष सोनिया नरंग, विभागाध्यक्ष मैनेजमेंट सुप्रीत कौर, विभागाध्यक्ष कृषि अक्षिता बांगा तथा अन्य सहायक प्राध्यापकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# धूमधाम से मनाई गई भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती

## महापौर विकास शर्मा ने की ट्रांजिट कैंप में कर्मा चौक और मंदिर निर्माण की घोषणा,महिलाओं, समाजसेवियों और मेधावियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। भारतीय तौलिक साहू राठौर महासभा उत्तराखंड द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती नगर निगम सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में इस्कॉन संस्था, गायत्री परिवार एवं ब्रह्मकुमारीज संस्था द्वारा सत्संग और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने संबोधित करते हुए घोषणा की कि ट्रांजिट कैंप में माता कर्मा के नाम से कर्मा चौक और मां कर्मा के भव्य मंदिर का निर्माण जल्द ही नगर निगम द्वारा कराया जाएगा।विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौहान, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, मंत्री प्रमोद मित्तल, समाजसेवी मनीष शुक्ला और पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने भी मां कर्मा देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जयंती की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित राठौर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मां कर्मा देवी साहू राठौर समाज की आराध्य देवी हैं। उन्होंने समाज से नशा मुक्त समाज की स्थापना करने, महिलाओं को शिक्षित बनाने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।इस अवसर पर समाज की 150 महिलाओं, 25 समाजसेवियों, 10 मेधावी छात्राओं सहित पार्षद कैलाश राठौड़, पार्षद राजेंद्र राठौड़ और पार्षद प्रीति गुप्ता को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मां कर्मा को भोग लगाकर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान नुक्ता प्रसाद राठौर, शेर सिंह राठौड़, लालू कुमार गुप्ता, बीना साहू, जमुना प्रसाद साहू, छत्रपाल राठौर, नीलम राठौर, गिरीश राठौर, मनोज गुप्ता, मोहिनी राठौर, राम बहादुर राठौर, शिवचरण राठौर, कृष्णा राठौर, अनुज कुमार अग्रवाल, निशु, राजेंद्र राठौड़ सहित समाज के अनेक लोग थे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# तेल के ठिकानों पर हमले

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद युद्ध में अब जो तौर–तरीके अपनाए जाने की खबरें आ रही हैं, उससे यह चिंता गहराने लगी है कि इसका असर किस रूप में सामने आएगा। हैरानी की बात यह है कि दुनिया भर में परमाणु या व्यापक विनाश के हथियारों और अन्य मसलों की अपनी सुविधा के मुताबिक व्याख्या करने वाला अमेरिका खुद कई बार सारे तकाजों के खिलाफ जाकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति भी उपेक्षा भाव प्रदर्शित करता है।पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से एक–दूसरे पर मिसाइल दागे जा रहे हैं और व्यापक पैमाने पर जानमाल की क्षति हो रही है, लेकिन अमेरिका और इजराइल के साझा हमले में कई ऐसे ठिकानों पर भी बमबारी की गई, जिसके पर्यावरणीय और मानवीयता पर असर को लेकर दुनिया भर में सवाल उठे हैं।मसलन, प्रतिद्वंद्विता के क्रम में या ईरान को झुकाने के लक्ष्य से वहां एक स्कूल पर हमले के अलावा कई शहरों में तेल ठिकानों पर मिसाइल दागे गए। उससे बाद वहां जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उसका असर दीर्घकालिक होगा और इसकी मार सिर्फ आम लोगों को झेलनी होगी।एक ओर विश्व भर में यह उम्मीद की जा रही है कि इस युद्ध की वजह से तेल और गैस के साथ–साथ अन्य कई मोर्चों पर व्यापक संकट गहराने के मद्देनजर शांति की राह खोजी जाएगी, दूसरी ओर खबर यह आई कि अमेरिका ने शनिवार को ईरान के खर्ग द्वीप पर हमला करके मसले को और जटिल स्वरूप दे दिया।हालांकि अमेरिका का कहना है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों पर हमला किया और तेल ढांचों को निशाना नहीं बनाया। मगर खर्ग द्वीप को जिस तरह ईरान के सबसे बड़े तेल भंडार और नब्बे फीसद कच्चे तेल के निर्यात के केंद्र के रूप में जाना जाता है, उसमें कहना कठिन है कि हमलों का असर सीमित होगा। अगर हमलों की जद में तेल भंडार भी आए, तो उसके नतीजों की कल्पना की जा सकती है। फिर इस पर ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, खाड़ी देशों में स्थित तेल रिफाइनरियों पर कैसा खतरा पैदा होगा, कहना मुश्किल है।इस क्रम में बड़े पैमाने पर तेल ठिकाने नष्ट होते हैं, तो आने वाले वक्त में दुनिया भर में संकट गहराएगा। युद्ध की चरम अवस्था में भी यह उम्मीद की जाती है कि इसमें शामिल देश संघर्ष की स्थिति में तय किए गए नियम–कायदों और मानवीयता का खयाल रखेंगे। मगर हालत यह है कि इस संबंध में मानवीय प्रश्नों की तो दूर, युद्ध को लेकर बने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बिना किसी हिचक के धता बताया जा रहा है।विश्व भर में इसे लेकर चिंता जताई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ईरान पर अमेरिका–इजराइल के हमले की निंदा कर चुके हैं। रूस भी कह चुका है कि हम जिस अंतरराष्ट्रीय कानून की बात करते हैं, वह लगभग खत्म हो चुका है। खबर यह भी आई कि अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों के बाद ईरान के आसमान से काली स्याही जैसा तरल बरस रहा है। अंधाधुंध हमलों के बाद युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों की जिंदगी जिस हालत में पहुंच गई है और मानवीयता के सभी तकाजे दरकिनार किए जा रहे हैं, वह सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

# पांच दिवसीय महावारुणी महोत्सव का शुभारंभ



शक्तिफार्म। मतुआ धर्म के संस्थापक श्री श्री हरिचांद ठाकुर जी की 215वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय महावारुणी महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ हो गया। गुरुग्राम स्थित मंदिर परिसर में धर्म ध्वज की स्थापना और विधिवत अधिवास अनुष्ठान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महोत्सव को लेकर क्षेत्र में पिछले दो सप्ताह से विशेष धार्मिक माहौल बना हुआ है। मतुआ अनुयायी ढोल–नगाड़ों और मंजीरों की धुन पर "हरिबोल" का जयघोष करते हुए धर्म पताका लेकर घर–घर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु पूरे विधि–विधान से धर्म पताका की पूजा कर महोत्सव में भागीदारी निभा रहे हैं। मंगलवार सुबह आठ बजे मधु कृष्ण त्रयोदशी की पावन लग्न में मंदिर परिसर स्थित कामना सागर में हजारों श्रद्धालु महावारुणी गंगा स्नान करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा समेत कई राज्यों से हजारों मतुआ अनुयायियों के पहुंचने की संभावना है। उत्सव समिति के अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि 17 मार्च को गंगा स्नान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात में ठाकुर जी की जीवनी पर आधारित बांग्ला जात्रा नाटक "जानोकीर फूलसज्जा" का मंचन होगा। 18 मार्च को "काजोल रेखा", 19 मार्च को "सोतीर ओभीशापे पागला भोला" नाटक का मंचन किया जाएगा। 20 मार्च को बाउल संगीत और शांति सभा के साथ महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### जन्मस्थली बांग्लादेश से लाया गया पवित्र जल

शक्तिफार्म। महावारुणी स्नान को लेकर मंदिर परिसर में लगभग तीन हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विशेष सरोवर तैयार किया गया है। इसमें ठाकुर जी की जन्मस्थली ओढ़ाकांदी धाम (बांग्लादेश) सहित सात समुद्रों और देश की प्रमुख तेरह नदियों से लाया गया पवित्र जल मिलाकर इसे कामना सागर नाम दिया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि मंगलवार सुबह आठ बजे से महावारुणी स्नान प्रारंभ होगा। इस दौरान मंदिर परिसर में क्रमबद्ध अखंड हरिनाम संकीर्तन और अटूट लंगर भी जारी रहेगा। रात में ठाकुर जी के जीवन पर आधारित बांग्ला नाटक का मंचन भी किया जाएगा।

# तारकनाथ धाम मंदिर समिति का गठन, देवाशीष पोद्दार बने अध्यक्ष



शक्तिफार्म। सुरेंद्रनगर स्थित बाबा तारकनाथ धाम शिव मंदिर में चौत्र माह के दौरान आयोजित होने वाले पूजा महोत्सव एवं मेले को लेकर मंदिर समिति का गठन कर लिया गया है। रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूरे चौत्र माह में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आयोजन को भव्य बनाने पर सहमति बनी। बैठक में सर्वसम्मति से देवाशीष पोद्दार को मंदिर समिति का अध्यक्ष तथा राजीव मीरवर को सचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा परेश मंडल को उपाध्यक्ष, बंटी राय को उपसचिव और अनंत हालदार को मुख्य कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में सूरज हालदार, तापस मंडल, समीर साना, मुकेश सरकार, हर्षित सरकार और आशीष हालदार को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं गोलक विश्वास को परिचालक, कानू सरकार को उप परिचालक व अमित मण्डल,मृणाल, सुकुमार,सुशांत राय,विजय को प्लाटींग कार्यकर्ता और मोहित मंडल को ऑडिटर की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त सुमन हालदार, सुमित मंडल और राजा हालदार को संरक्षक बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में निर्मल मिस्त्री, सचिंद्र हालदार, रंजीत हालदार, उत्तम शील और दीपक बड़ाल को शामिल किया गया है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि चौत्र माह में आयोजित होने वाले पूजा महोत्सव को श्रद्धालुओं के सहयोग से भव्य और सफल बनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर परिसर में साफ–सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

काशीपुर। महुआखेड़ागंज स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक की रविवार सुबह सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक परिवार में कोहराम मचा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम करनपुर जनपद रामपुर उप्र– निवासी रामपाल सिंह (32) पुत्र जमुना प्रसाद पिछले लगभग 10 वर्षो से यहां महुआखेड़ागंज में किराये का कमरा लेकर नैनो नामक फैक्ट्री में मजदूरी किया करता था। पता चला है कि बीती रात्रि नाईट ड्यूटी करने के बाद सुबह वह बाईक पर सवार होकर कमरे की और लौट रहा था। इसी दौरान महुआखेड़ागंज क्षेत्र में बीरपुर रोड पर रजा पेट्रोल पंप के समीप अनियत्रिंत डंपर के चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाईकिल में टक्कर मारकर फैक्ट्री श्रमिक को मौत के घाट उतार दिया। घटना के घटते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर अत्यपरीक्षण के लिए उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत शगुन (15) अखिलेश (13) हर्षित (11) व संध्या (8) वर्ष समेत भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गया। अकस्मात घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

# नगर पालिका कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना



किच्छा (उद संवाददाता)। नगर पालिका के पात्र कार्मिकों के विनियमितीकरण की मांग को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने सोमवार को राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में सांकेतिक धरना दिया। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने शासन के निर्देशों का पालन न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया और अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि शासनादेश संख्या 145/2025 के अनुसार पात्र कार्मिकों का विनियमितीकरण किया जाना है और आउटसोर्स कर्मचारियों को 500 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त मानदेय का लाभ दिया जाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन द्वारा इस शासनादेश के क्रियान्वयन में देरी की जा रही है। सुबह शुरू हुए धरने के बाद अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला और कर्मचारी नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक सकारात्मक वार्ता हुई। ईओ दीपक शुक्ला ने विभिन्न शासनादेशों का अध्ययन करने के बाद कर्मचारियों की मांगों पर सहमति जताई। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी कार्मिक नियमों के दायरे में आते हैं, उनके विनियमितीकरण का प्रस्ताव बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जाएगा। ईओ द्वारा 15 दिन के भीतर नियम सम्मत कार्रवाई का भरोसा मिलने पर कर्मचारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया और वापस काम पर लौट आए। इस दौरान अध्यक्ष कालू चरण, नितिन चरण वाल्मीकि, कैलाश वाल्मीकि, माइकल, राजेंद्र, राजेश, राहुल, सुरेश, जॉनसन सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने महिला उद्यमियों को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त ने लोक भवन में कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित महिला उद्यमी उभरते सितारे सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम, उद्योग क्षेत्र से अंजू आहूजा, सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में कार्यरत निधि मित्तल बंसल, प्रसिद्ध कलाकार एवं शिक्षिका रूबल नागी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत शशि रतूड़ी तथा अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माता आरुषि निशंक सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं।इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तब संभव होती है जब उसका विकास महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएँ केवल समाज और परिवार की आधारशिला ही नहीं हैं बल्कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन की सशक्त वाहक भी बन रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि आज की भारतीय महिला अपने संकल्प और प्रतिभा के बल पर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को सम्मान और समान अवसर देना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ ही जीवन को नई दिशा देती हैं और उनसे संघर्ष करते हुए ही वास्तविक सफलता प्राप्त होती है। आज जिन महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया है वे अपने अपने क्षेत्रों में प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी के कंधों पर अब एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव और नेतृत्व से आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करें।राज्यपाल ने उत्तराखण्ड की मातृशक्ति की विशेष सराहना करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की महिलाएँ कठिन परिस्थितियों में भी अद्भुत साहस, परिश्रम और नेतृत्व का परिचय देती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों, कृषि, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि मणिपुर के एक साधारण परिवार से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँचने की उनकी यात्रा आसान नहीं रही। सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने दृढ़ संकल्प, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर अपने सपनों को साकार किया।उन्होंने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मंच पर देश का तिरंगा ऊँचा करना उनके लिए गर्व का विषय रहा है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शक्ति पर विश्वास रखें, अपने लक्ष्य निर्धारित करें और निडर होकर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो तृप्ता ठाकुर एवं हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो भानू दुग्गल, कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मीतू पुरी, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चौप्टर रिया रहेजा, सचिव शिखा घई सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



# झमाझम बारिश होने से लोगों को मिली गर्मी से राहत

देहरादून / हल्द्वानी । मार्च के तीसरे सप्ताह की शुरुआत बेमौसम बारिश के साथ हुई। दून में रविवार को झमाझम बारिश हुई। इससे ठंड लौट आई। देर रात तक रुक–रुककर बारिश होती रही। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उत्तराखंड के कई हिस्सों में रविवार को हुई बारिश से तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिला। खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान में अधिक गिरावट दर्ज की गई। इससे फिर ठंड लौट आई। बारिश के चलते लोगों को कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से राहत भी मिली। देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाए रहे और तेज हवाएं भी चलती रहीं। दोपहर बाद कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई और शाम को करीब पांच बजे के बाद तेज दौर की बारिश शुरू हो गई। इससे मौसम पूरी तरह से बदल गया। वहीं, मसूरी, चकराता और ऊंचाई वाले इलाकों में ठंडी हवाओं के साथ बारिश से तापमान में गिरावट आ गई। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रविवार को बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में तेज हवाओं संग बारिश हुई। इससे तापमान गिरने से जहां ठंड लौट आई, वहीं दून समेत अधिकतर जगह



प्रदूषण घटने से पर्यावरण निखर गया। रविवार को हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। वहीं केदारनाथ धाम में भी अच्छी बर्फबारी हुई, यहां तापमान शून्य से नीचे आ गया, जबकि शाम को गंगोत्री व यमुनोत्री में भी बर्फ गिरी। उधर, दून, ऋषिकेश, विकासनगर, मसूरी, रुड़की, हरिद्वार, ज्योतिर्मठ, गोपेश्वर, पीपलकोटी, चमोली, पोखरी सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश होने से हल्की ठंड लौट आई है। वहीं कई जगह ओलावृष्टि से भी ठंड में इजाफा हो गया है। **हल्द्वानी।** तराई–भाबर में लगातार बढ़ती तपिश के बीच रविवार को मौसम ने फिरकी ले ली। हल्द्वानी सहित आसपास क्षेत्र में तेज हवाएं चलने के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे दिन का पारा 10 डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। तापमान में गिरावट होने से ठंड का अहसास होने लगा। ऐसे में लोगों ने फिर से गर्म कपड़े निकाल लिए। वहीं, वर्षा होने से कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थितियां भी उत्पन्न हो गई। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।दरअसल, हल्द्वानी क्षेत्र में रविवार सुबह से ही बादल छाए हुए थे। तेज हवाएं चलने के साथ ही सुबह करीब 10:30 बजे से बूंदाबांदी का क्रम प्रारंभ हो गया था। दोपहर के समय झमाझम वर्षा हुई।वहीं, शाम तीन बजे बाद हल्की धूप निकल आई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वर्षा के बीच 11:30 बजे से 12:30 बजे तक जज फार्म और बेलबाबा फीडर में बिजली सप्लाई ठप रही। वहीं, पूर्वानुमान के अनुसार 21 मार्च तक पहाड़ से लेकर मैदान तक वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई गई है। ऐसे में गर्मी से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही बौछारें जंगलों की आग को नियंत्रित करने में फायदेमंद होगी।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भदईपुरा निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के आठ लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, शारीरिक शोषण और तीन तलाक देने का अत्यंत गंभीर मामला दर्ज कराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कठोर धाराओं में कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़िता नाजरीन ने तहरीर में बताया कि उसका निकाह दिसंबर 2021 में आले हसन निवासी बिलासपुर के साथ हुआ था। विवाह के लिए उसके पिता ने अपना घर तक बेच दिया था और सामर्थ्य से बढ़कर करीब दस लाख रुपये खर्च किए थे।आरोप है कि विवाह के पहले दिन से ही पति आले हसन, ससुर नसीर, सास फिरोजा, जेठ जावेद, देवर नूर हसन और नन्दोई पक्ष के लोग उसे कम दहेज के लिए ताने देने लगे। ससुरालियों ने पांच लाख रुपये नकद और कार की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दिल्ली प्रवास के दौरान उसके जेठ जावेद ने उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास किया और अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा गया। पीड़िता को यह भी पता चला कि उसका पति अनैतिक देह व्यापार में लिप्त है और उस पर भी इस गंदे काम के लिए दबाव बनाया गया। दिसंबर 2022 में पुत्री के जन्म के बाद प्रताड़ना और बढ़ गई।तहरीर के अनुसार पूर्व में महिला हेल्प डेस्क में समझौता होने के बावजूद ससुरालियों का व्यवहार नहीं बदला। आरोप है कि 26 नवंबर 2025 को पति ने फोन पर एक गवाह की मौजूदगी में उसे तीन बार तलाक बोल दिया। इसके बाद ससुर, सास और ननद ने उसके साथ मारपीट की और उसे जिंदा जलाने का प्रयास भी किया। 29 नवंबर को पीड़िता को उसकी पुत्री के साथ केवल पहने हुए कपड़ों में घर से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद जब पीड़िता अपने मायके आ गई तो 10 दिसंबर को आरोपी पति और सास ससुर वहां भी पहुंच गए और शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# रामनगर फायरिंग कांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के रामनगर में 1 मार्च को हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। विदित हो कि 1 मार्च की सुबह रामनगर के पिरूमदारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थारी कंदला में हुई गोलीबारी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही रामनगर कोतवाली पुलिस महज पांच मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई थी और पूरे क्षेत्र का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया था जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया था कि गांजा पकड़वाने की रंजिश को लेकर पड़ोसी और उसके साथियों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला किया और तमंचों से फायरिंग भी की। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। इनमें से एक आरोपी रोहित गुर्जर ने उत्तर प्रदेश के एक न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरे आरोपी हितेश शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा एक महिला आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि 1 मार्च 2026 को ग्राम कंदला थारी से सूचना मिली थी कि कुछ शातिर अपराधियों ने गांव में पहुंचकर स्थानीय निवासी गुरमीत सिंह के घर में घुसकर उन पर लाठी डंडों से हमला किया और फायरिंग भी की। सूचना मिलते ही रामनगर कोतवाली और पिरूमदारा चौकी की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद तत्काल मुकदमा संख्या 56/26 दर्ज किया गया और पांच आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस की कई टीमें गठित कर रामनगर, पिरूमदारा, बाजपुर, बुलंदशहर, कोटाबाग और गाजियाबाद समेत विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि 13 मार्च को पिरूमदारा क्षेत्र की पुलिस टीम को सफलता मिली और शातिर आरोपी हितेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

# ट्रक चालक क खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अमृत हॉस्पिटल के पास एक अनियंत्रित ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार में जोरदार टक्कर मार दी। आरोपी ट्रक चालक ने न केवल दुर्घटना की बल्कि कार सवार पर ट्रक चढ़ाने का भी प्रयास किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। बरार नगर फाजलपुर मेहरोला निवासी करनदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि 14 मार्च की रात वह अपनी कार संख्या यूके 06 बीएच 6542 से इंदिरा चौक से गावा चौक की ओर जा रहा था।जब वह अमृत हॉस्पिटल के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यूपी 25 ईटी 2147 के चालक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि ट्रक चालक अत्यधिक नशे की हालत में था और वह मौके से भागने लगा। इस दौरान उसने करनदीप के ऊपर ट्रक चढ़ाने का प्रयास भी किया जिससे उसकी जान पर बन आई। वहां मौजूद लोगों की मदद से ट्रक का पीछा किया गया और करीब पांच किलोमीटर दूर जाफरपुर क्षेत्र में उसे रुकवाया गया। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**मेयर विकास शर्मा ने ...**का काम कराया। जब भी मुस्लिम समाज का कोई व्यक्ति समस्या लेकर उनके पास आया, तो उन्होंने आगे बढ़कर उसका समाधान कराया। मेयर शर्मा ने कहा, मैंने चुनाव के दौरान घर–घर जाकर लोगों से समर्थन मांगा, लेकिन किसी ने मुझ पर भरोसा नहीं जताया। मैं चुनाव में आठ वार्डों में हारा, जिनमें से सात वार्ड मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र हैं। इसके बावजूद मेयर बनने के बाद भी मै बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास कार्य करा रहा हूं। उन्होंने बताया कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सड़क, नाली और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के कार्य प्राथमिकता के साथ कराए गए। हाल ही में खेड़ा स्थित ईदगाह में शौचालय की समस्या सामने आई, तो वहां भी तत्काल शौचालय का निर्माण कराया गया। इसके बावजूद मुस्लिम समाज द्वारा उन पर भरोसा नहीं जताया गया। विकास कार्यों के बावजूद मुस्लिम वर्ग से अपेक्षित समर्थन न मिलने की यह पीड़ा केवल मेयर विकास शर्मा की ही नहीं है, बल्कि भाजपा के उन कई उम्मीदवारों की भी होती है जो चुनाव मैदान में उतरते हैं और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में उन्हें अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाता। यह स्थिति केवल नगर तक सीमित नहीं है, बल्कि देश और प्रदेश की राजनीति में भी अक्सर देखने को मिलती रही है। ऐसे में राजनीति में एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि जब विकास कार्यों के आधार पर वोट ही नहीं पड़ते, तो स्वच्छ और विकास आधारित राजनीति की स्थापना कैसे संभव हो पाएगी? जब सत्ता पक्ष को यह एहसास हो जाए कि चाहे जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं चला ली जाएं या विकास की गंगा बहा दी जाए, फिर भी किसी वर्ग विशेष से समर्थन नहीं मिलेगा या वह वर्ग किसी एक पार्टी का स्थायी वोट बैंक बन चुका है तो कहीं न कहीं जनप्रतिनिधियों के मन में खटास पैदा होना स्वाभाविक है। मेयर विकास शर्मा का यह बयान केवल उनकी व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की एक कड़वी सच्चाई को भी उजागर करता है, जो लंबे समय से विकास बनाम वोट बैंक की बहस को जन्म देती रही है। सवाल यही उठता है कि जब सरकारें विकास और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों की सेवा करने का दावा करती हैं, तो क्या मतदान के समय भी निर्णय उसी आधार पर होना चाहिए, या फिर राजनीतिक और सामाजिक समीकरण ही हमेशा निर्णायक बने रहेंगे।

**हादसे में नैनीताल और हल्द्वानी के...**की झपकी आ गई। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और उसमें सवार पांचों युवक बुरी तरह फंस गए। मूंढापांडे थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार को काटकर युवकों को बाहर निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे की मेडिकल ऑफिसर डॉ. ईशा सिंह ने बताया कि चार युवकों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। मृतकों की शिनाख्त कर ली गई है, जिनमें शामिल हैं अनिल नेगी, निवासी हल्द्वानी, सुंदर सिंह, निवासी हल्द्वानी, भुवन भंडारी, निवासी हल्द्वानी,दयाल सिंह, निवासी हल्द्वानी शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल पांचवें युवक यशदीप पाण्डे को प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने सभी मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। हादसे की खबर मिलते ही हल्द्वानी और नैनीताल में शोक की लहर दौड़ गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने और घायल को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्रॉली को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अंधड़ से तबाही...**से प्रकाश उपाध्याय का 11 वर्षीय पुत्र कार्तिक उपाध्याय दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पास में मौजूद उसकी मां भी पेड़ की टहनियों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को आनन–फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। किशोर की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ भारी रोष प्रकट करते हुए कहा कि विभाग की उदासीनता के कारण एक मासूम की जान चली गई। ग्रामीणों का दावा है कि जिस पेड़ से यह हादसा हुआ, उसे काटने और उसकी लोपिंग (छंटान) करने के लिए वर्ष 2012 से लगातार लिखित शिकायतें दी जा रही थीं। बावजूद इसके, वन विभाग ने शिकायतों को अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने चेताया कि गांव में अभी भी कई ऐसे खतरनाक पेड़ खड़े हैं, जिनसे भविष्य में बड़ी अनहोनी हो सकती है। हादसे के बाद जब ग्रामीण मदद के लिए रामनगर स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय पहुंचे, तो वहां मौजूद कर्मचारियों के व्यवहार ने आग में घी डालने का काम किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों ने संसाधन न होने का बहाना बनाया और सूचना देने गए लोगों के साथ अभद्रता व धक्का–मुक्की की। इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आंधी–तूफान से पूरे नगर क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और गिरे हुए पेड़ों के कारण वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। राजस्व विभाग की टीम नुकसान के आकलन के लिए क्षेत्र में रवाना कर दी गई है। वहीं, रिंगौड़ा गांव में हुई मौत की सूचना पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कल देर रात आए भीषण आंधी–तूफान ने जमकर तबाही मचाई, जिससे क्षेत्र में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। प्रकृति के इस कहर ने जहां किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया, वहीं कई ग्रामीणों के आशियाने भी इसकी जद में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान का सबसे ज्यादा असर कृषि क्षेत्र पर देखने को मिला है। क्यारी समेत आसपास के कई गांवों में किसानों की खेतों में लहराती गेहूं की फसल पूरी तरह बिछ गई और नष्ट हो गई। फसल कटाई के मुहाने पर हुई इस बर्बादी से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसके अतिरिक्त, कई स्थानों पर विशालकाय पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। तूफान की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई गांवों में ग्रामीणों की झोपड़ियां और मकानों की छतें उड़ गईं। भरतपुरी इलाके में एक ऊँची दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे की चपेट में आने से वहां खड़े कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि दीवार गिरने के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। तूफान के थमने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में तबाही के निशान साफ देखे जा सकते हैं। भारी आर्थिक क्षति झेल रहे किसानों और ग्रामीणों ने शासन–प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराने और जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की है। राजस्व विभाग की टीमें नुकसान के आकलन में जुटी हुई हैं।

**अटरिया मंदिर में चोरी...**अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक अपराध , पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर तथा क्षेत्राधिकारी पंतनगर के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया। फुटेज की जांच और वादी से पूछताछ के बाद दो संदिग्धों की पहचान की गई। सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने पूर्व में 6 मार्च 2026 को पहले अभियुक्त राम किशन उर्फ किशन निवासी तीन पानी डैम ट्रांजिट कैंप को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 8108 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त भगवा रंग का कपड़ा बरामद हुआ था। इसके बाद से ही दूसरा आरोपी रोहित निवासी मछली बाजार ट्रांजिट कैंप फरार चल रहा था। 15 मार्च 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर पंतनगर पुलिस ने दबिश देकर रोहित को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त रोहित के पास से चोरी के 8010 रुपये नकद और एक भगवा रंग का कपड़ा बरामद हुआ जिस पर अलग अलग जगहों पर कुल 10 बार राम शब्द लिखा है। इसके अतिरिक्त पुलिस को उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी मिला है। अवैध हथियार की बरामदगी पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में थानाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत, उप निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल नितिन कुमार और हरी सिंह शामिल रहे।

**योग और आध्यात्म की ...**योग का प्रदर्शन करना नहीं है, बल्कि पर्यटन और स्थानीय आर्थिकी को नई गति देना भी है। महोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड के होमस्टे, स्थानीय हस्त शिल्प और पारंपरिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश से शुरू हुई योग की यह लहर अब प्रदेश के सुदूरवर्ती गांवों तक पहुँच रही है, जिससे श्योग ग्रामश की संकल्पना साकार हो रही है। सीएम ने आह्वान किया कि योग को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि एक स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण हो सके। इस सात दिवसीय महोत्सव में अमेरिका, यूरोप और एशिया के विभिन्न देशों सहित भारत के कोने–कोने से प्रख्यात योग आचार्य, अनुभवी प्रशिक्षक और हजारों जिज्ञासु भाग ले रहे हैं। महोत्सव के दौरान विभिन्न सत्रों में हठ योग, अष्टांग योग और ध्यान की सूक्ष्म विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे विदेशी मेहमानों ने भी देवभूमि की ऊर्जा और यहाँ के आतिथ्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और योग जगत की कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं, जिन्होंने इस आयोजन को उत्तराखंड के गौरवशाली इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बताया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल कई साधु संत और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**टेन की चपेट में आने ...**को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सोमवार सुबह जब घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को हुई तो वे रोते–बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। कोतवाली रुद्रपुर से उप निरीक्षक जीवन सिंह अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है कि युवक किस ट्रेन की चपेट में आया और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। मृतक का विवाह नहीं हुआ था वह दो भाईयों में बड़ा था।

**नाले में युवक का ...**लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। कोतवाल मोहन पांडे ने बताया कि मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके। प्राथमिक जांच में युवक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम पैनल द्वारा कराया जाएगा। साथ ही साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। दरोगा मनोज कुमार ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने की कार्यवाही पूरी की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है।

संस्थापक–स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक– परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन–245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रदेश में 83 हजार से अधिक पद खाली, भ्रष्टाचार बना शिष्टाचार: यशपाल आर्य

## बजट सत्र के बाद कांग्रेस ने की प्रेसवार्ता, नेता प्रतिपक्ष ने सरकार के दावों पर उठाये कई सवाल

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में रोजगार को लेकर सरकार के दावों पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मंचों से भले ही युवाओं को रोजगार देने और नए अवसर पैदा करने के बड़े-बड़े दावे करती हो, लेकिन वास्तविक स्थिति इन दावों से बिल्कुल अलग है। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में हुए बजट सत्र के बाद आज देहरादून में रविवार को कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बताया कि उत्तराखण्ड में शासन-प्रशासन की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार अब अपवाद नहीं बल्कि शिष्टाचार बनता जा रहा है। सरकार भले ही "जीरो करप्शन" का नारा देती हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि भर्ती, ठेकों, योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानांतरण तक हर स्तर पर भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं। कई मामलों में शिकायतें मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँचने के बावजूद समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती, जिससे जनता के बीच यह संदेश जाता है कि भ्रष्टाचार करने वालों को संरक्षण मिल रहा है।भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2018 से 2024 के बीच विभिन्न योजनाओं में वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर मामले सामने आए हैं। देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना, बिजली व्यवस्था, खनन और अन्य विभागों में वित्तीय कुप्रबंधन के उदाहरण राज्य की वित्तीय स्थिति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं।वर्ष 2022 के बाद अपराधों की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राजधानी देहरादून में अल्प समय के भीतर कई हत्याओं की घटनाएँ होना अत्यंत चिंताजनक है। जब राजधानी में ही अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हों, तो प्रदेश की जनता में असुरक्षा की भावना स्वाभाविक है। कई मामलों में पीड़ित न्याय के लिए भटकते रहते हैं और पुलिस की निष्पक्षता व प्रशासनिक जवाबदेही पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। राज्य में ईमानदार अधिकारियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अवसर नहीं मिल रहा, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। प्रस्तुत बजट भी प्रदेश की वास्तविक समस्याओं से मुंह मोड़ने वाला बजट है।



इसमें न तो आर्थिक संसाधनों को मजबूत करने की स्पष्ट योजना दिखाई देती है और न ही बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का कोई ठोस खाका है। राज्य पर बढ़ते कर्ज, हजारों रिक्त सरकारी पदों, पलायन, किसानों की समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों की चुनौतियों पर बजट में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। गैरसैंण के विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती, युवाओं के रोजगार, किसानों की आय बढ़ाने और पहाड़ी क्षेत्रों के गांवों को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस नीति और बजटीय प्रावधानों की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और आर्थिक प्रबंधन से जुड़े इन गंभीर मुद्दों पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए और प्रदेश की जनता को यह भरोसा दिलाना चाहिए कि शासन व्यवस्था पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायपूर्ण है।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार के अपने बजट दस्तावेज ही इन दावों की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। बजट के आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल 2025 तक सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और राज्य सहायतित संस्थानों में कुल 83 हजार 637 पद रिक्त पड़े हुए हैं। यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं की उम्मीदों का प्रतीक है जो वर्षों से सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि रिक्त पदों की संख्या कम होने के बजाय हर साल बढ़ती जा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार इन पदों को भरने के प्रति गंभीर नहीं है। एक ओर हजारों पद खाली हैं, वहीं दूसरी ओर लाखों शिक्षित युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। आर्य ने कहा कि सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद खाली रहने से प्रशासनिक कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। अस्पतालों में डॉक्टरों के पद रिक्त हैं, स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है और पुलिस सहित कई विभागों में स्टाफ की कमी से कार्य प्रभावित हो रहा है। इसका सीधा नुकसान प्रदेश की आम जनता को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा शिक्षित, प्रतिभाशाली और मेहनती है, लेकिन रोजगार के अवसरों की कमी के कारण बड़ी संख्या में युवाओं को प्रदेश से बाहर पलायन करना पड़ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो इसका असर राज्य के विकास पर भी पड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में युवाओं को रोजगार देने के प्रति गंभीर होती तो बजट में रिक्त पदों को शीघ्र भरने का स्पष्ट रोडमैप, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, कौशल विकास को बढ़ावा देने और उद्योगों तथा स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस योजनाएं दिखाई देतीं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से मौजूदा बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई व्यापक और स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आती, जिससे प्रदेश के युवाओं में निराशा बढ़ रही है।






# महान गुरमत एवं संत समागम के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ शुरू

रुद्रपुर। आदर्श कालोनी स्थित कुटिया संत बाबा गोपाल सिंह जी महाराज गुरद्वारे में हर वर्ष आयोजित होने वाले महान गुरमत एवं संत समागम के उपलक्ष में आज प्रात: श्री अखंड पाठ का विधिवत शुभारंभ हुआ इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर माथा टेका व गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। गौरतलब है कि मुंजाल परिवार की ओर से हर वर्ष कुटिया में महान गुरमत एवं संत समागम का आयोजन 18 मार्च को किया जाता है । इस समागम में बड़ी संख्या में संगत जुटती है इस बार भी इस आयोजन के लिए जोरदार तैयारियां कि गयी है समागम के उपलक्ष में आज प्रात: गुरुद्वारे की मुख्य सेवादार सुषमा कौर ने ज्योति प्रज्वलित करके अखंड पाठ का शुभारंभ किया इस दौरान सुषमा कौर ने बताया कि 18 मार्च को अखंड पाठ का भोग प्रात: 9 बजे पड़ेगा इसके उपरांत भव्य दीवान सजेगा गुरु का लंगर दोपहर 1 बजे से अटूट बरतेगा। इस अवसर पर भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले, बाबा अमरजीत सिंह जी गालिब खुर्द पंजाब वाले,बाबा प्रताप सिंह जी नानकसर बाजपुर वाले, कथावाचक भाई गुरुभेज सिंह जी रुद्रपुर वाले, कीर्तनी जत्था भाई सोहन सिंह जी रुद्रपुर वाले आदि कहीं सन्त महापुरुष सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देंगे व गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल भी करेंगे।इस दौरान गुरुद्वारे की मुख्य सेवादार माता सुषमा कौर , दास आशीष मुंजाल,दास विक्की मुंजाल ने सभी सात संगत से संत समागम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है। इस अवसर पर माता सुषमा कौर, दास आशीष मुंजाल, दास विक्की मुंजाल, सरदार बलबीर सिंह,सिमरनजीत सिंह, जगदीश अरोरा, रमन अरोरा, हरीश मुंजाल, सुरेश मुंजाल,परमानंद मुंजाल , हरिचंद मुंजाल ,महंगा राम मुंजाल , रेनू मुंजाल ,अंजली मुंजाल ,रीमा मुंजाल , तृप्ति मुंजाल सानवी मुंजाल, आशा मुंजाल, राम चंद आहूजा , गौतम आहूजा ,शिव कुमार गुम्बर , सोनू गुंबर ,नरेश गुलाटी ,प्रवीण अरोरा , सुरेंद्र फुटेला , राजेंद्र फुटेला, मनोज मुंजाल , मोनू मुंजाल, किशन सहगल बंटी सहगल, सुमित सहगल, जुगनू मुंजाल , दीपक मुंजाल , राम चंद भुड्डी गौरव भुड्डी, राजकुमार सीकरी, रोशन लाल तागरा, अशोक चोपड़ा मोहित चोपड़ा, आशा मुंजाल, हरवंश गुंबर, अशोक चोपड़ा,मोहित चोपड़ा, डीके कारगेती आदि शामिल थे।





# मीना शर्मा ने मेयर से की सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मीना शर्मा ने नगर निगम के मेयर विकास शर्मा से शहर में सांप्रदायिक सद्भावना और कौमी एकता को बनाए रखने के लिए आगे आने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र हमेशा से कौमी एकता का गुलदस्ता रहा है, जहां हर जाति, धर्म और वर्ग के लोग अपने-अपने तीज-त्यौहार आपस में मिल-जुल कर मनाते आए हैं। यही कारण है कि यहां का सांप्रदायिक सौहार्द हमेशा से मजबूत रहा है और इसे भविष्य में भी अक्षुण्ण बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। श्रीमती शर्मा ने महापौर विकास शर्मा से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक अभिभावक की भूमिका निभाएं और मुस्लिम समुदाय को ईद के त्यौहार पर खेड़ा क्षेत्र में ही नमाज अदा करने की अनुमति प्रदान करने में सहयोग करें। उन्होंने मेयर को उनके सामाजिक दायित्वों का स्मरण कराते हुए कहा कि देश के संतों, महात्माओं और ब्राह्मणों ने हमेशा पर-कल्याण और समाज को जोड़ने का कार्य किया है। महापौर को भी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए शहर के प्रथम नागरिक के रूप में उदारता दिखानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मेयर शहर की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेंगे।



# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मूल रूप से रेवाड़ी हरियाणा निवासी दीपक पचौरी पुत्र प्रमोद पचौरी वर्तमान में आवास विकास के ईडब्ल्यूएस ब्लॉक में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 3 मार्च 2026 की रात लगभग 8 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल संख्या एचआर 36 एके 6379 को मकान के बाहर खड़ा कर लॉक किया था।अगले दिन सुबह जब वह बाहर आए तो मोटरसाइकिल अपने स्थान से गायब थी। पीड़ित ने काफी खोजबीन की लेकिन वाहन का कहीं पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि उक्त मोटरसाइकिल उनके भाई राहुल पचौरी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।